जेसीबी से की गयी नालों की सफाई



जेसीबी से सफाई कराते विभागीय लोग।

फतेहपुर। वर्षा ऋतु के मद्देनजर नगर पालिका परिषद सदर जलनिकासी व्यवस्था को दुरूस्त करने में जुट गया है। सफाई कर्मी नगर के नालों की सफाई में लग गये हैं। मंगलवार को भी कई स्थानों पर नालों की सफाई की गयी। पिछले वर्षो की भांति इस वर्ष भी नगर पालिका परिषद प्रशासन द्वारा बरसात के दिनों में शहर को जलनिकासी समस्या से दूर रखने के लिए नालों की सफाई का कार्य प्रारम्भ करवा दिया है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून समय से आने की बात की जा रही है। बरसात भी अधिक होने का अनुमान है। मौसम को देखते हुए पालिका जलनिकासी की व्यवस्था को दुरूस्त रखने के लिए जुट गया है। बताते चले कि बरसात के दिनों में शहर का आधा हिस्सा टापू बन जाता है। कई मोहल्ले के लोग जलनिकासी समस्या से जूझते हैं। जलभराव की समस्या के चलते आवागमन भी [illegible] हो जाता है। एक दो इलाके ऐसे भी हैं। जहां [illegible] दिनों में आवागमन के लिए मोहल्लेवासियों को नाव का सहारा भी लेना पड़ता है। [illegible] सब समस्याओं से निपटने के लिए नगर पालिका द्वारा कई इलाकों में बड़े नालों को बनवाया गया। इन नालों की सफाई पालिका के सफाई विभाग द्वारा की जा रही है। सफाई निरीक्षक आबिद अली व सफाई इंचार्ज मो० हबीब पूरे समय मौजूद रहकर कर्मियों से सफाई का कार्य करवा रहे हैं। मंगलवार को शहर के देवीगंज, राधानगर, हरिहरगंज व गौतमनगर आदि इलाकों के नालों की सफाई करायी गयी।